# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पटना/ दिनांक 27/06/2018

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-04/ 2018 603 .....चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1 में अंकित 69 विभिन्न सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक-1** में अंकित सहकारी समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 31.07.2018 (मंगलवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या- 345 दिनांक 19.04.2018 एवं पत्र संख्या 463 दिनांक 29.05.2018 द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि क्रमशः दिनांक 31.03.2018 एवं 30.04.2018 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि क्रमशः दिनांक 26.05.2018 एवं 22.06.2018 निर्धारित थी।

बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छः पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेंगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(vii) जिन समितियों में निर्वाचित होने वाले पदों की संख्या 12 से कम होंगी, उनमें निबंधक, सहयोग समितियों के पत्रांक 4992 दिनांक 01.11.2013 के आलोक में पदों की संख्या 12 मानकर एवं तदनुसार उपर वर्णित आरक्षण के प्रावधानों को लागू कर निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 06.07.2018 (शुक्रवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

26/6/18

**(गिरीश शंकर)**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : पटना/ दिनांक

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 603 पटना/ दिनांक 27/06/2018

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 603 पटना/ दिनांक 27/06/2018

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 05.07.2018 (गुरूवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियों के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 603 पटना/ दिनांक 27/06/2018

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 603 पटना/ दिनांक 27/06/2018

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 603 पटना/ दिनांक 27/06/2018

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

## निर्वाचन देय सहकारी समितियों की सूची

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | भागलपुर | नाथनगर | महम्मदपुर दक्षिण प्राथमिक विधुत करघा सहयोग समिति लि0 |
| 2 | भागलपुर | नाथनगर | महम्मदपुर पासी टोला प्राथमिक विधुत करघा सहयोग समिति लि0 |
| 3 | भागलपुर | नाथनगर | महम्मदपुर उत्तरी प्राथमिक विधुत करघा सहयोग समिति लि0 |
| 4 | भागलपुर | नाथनगर | नुरपुर हरिजन टोला उत्तर प्राथमिक विधुत करघा सहयोग समिति लि0 |
| 5 | भागलपुर | नाथनगर | नुरपुर मध्य हरिजन टोला प्राथमिक विधुत करघा सहयोग समिति लि0 |
| 6 | भागलपुर | जगदीशपुर | सिकन्दरपुर हरिजन टोला प्राथमिक विधुत करघा सहयोग समिति लि0 |
| 7 | भागलपुर | जगदीशपुर | अलीगंज सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 8 | भागलपुर | सबौर | लोदीपुर प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 |
| 9 | भागलपुर | पीरपैंती | पंचरूखी सिल्क खादी ग्रामोद्योगिक स0स0लि0 |
| 10 | भागलपुर | जगदीशपुर | मेहराब प्राथमिक बुनकर सहयोग स0स0 लि0 बागवाड़ी |
| 11 | बक्सर | बक्सर | कोईरपूरवा प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 12 | बक्सर | बक्सर | मल्लाह टोली महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 13 | बक्सर | बक्सर | बक्सर वार्ड नं0 4 प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 14 | बक्सर | सिमरी | धनहा कम्बल बुनकर सहयोग समिति लि0 |
| 15 | बक्सर | बक्सर | नाव यातायात सहयोग समिति लि0 |
| 16 | औरंगाबाद | ओबरा | महफिल-ए-कालीन ओबरा प्राथमिक बुनकर स0स0 |
| 17 | औरंगाबाद | रफीगंज | नाराईच ग्रामोदय सहयोग समिति लि0 |
| 18 | आरा | गड़हनी | तेन्दुनी लालगंज प्राथमिक ऊन बुनकर सहयोग समिति लि0 |
| 19 | बांका | बांका | मकरमडीह सिल्क प्राथमिक स0स0 रजौन |
| 20 | दरभंगा | मनीगाछी | मकरन्दा-भण्डारिसौं ग्रामोदय सहयोग समिति लि0 |
| 21 | अरवल | राजेपुर | राजेपुर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 22 | कटिहार | बारसोई | मनमन लहगरिया प्राथमिक बुनकर स0स0 लि0 |
| 23 | मधुबनी | रहिका | कबिरिया प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 24 | मधुबनी | रहिका | हिजरतपुर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 25 | मधुबनी | रहिका | मंगल पोखर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 26 | मधुबनी | रहिका | सैयदिया आर्ट सिल्क प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 27 | पटना | मसौढ़ी | सोनकुकरा भोजपुर सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0, मसौढ़ी |
| 28 | पटना | पटना सदर | एल आई सी क्लास वन ऑफिसर्स सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 29 | पटना | पटना सदर | नेशनल इंश्योरेंस इम्प्लाइज को0 सो0 लि0 |
| 30 | पटना | पटना सदर | ज्योति सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 31 | पटना | पटना सदर | इलाहाबाद बैंक कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 32 | पटना | पटना सदर | दीप नगर सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 33 | पटना | पटना सदर | अगमकुऑ सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34 | पटना | पटना सदर | तारा निकेतन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 35 | पटना | पटना सदर | कस्तूरबा सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 36 | पटना | पटना सदर | अशोक नगर नालंदा सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 37 | पटना | पटना सदर | दी इरिगेशन डिपार्टमेंट इम्पलाईज को-ऑपरेटिव हाउस कंस्ट्रक्शन सो0लि0 |
| 38 | पटना | पटना सदर | इमारत सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 39 | पटना | दानापुर | दानापुर सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 40 | पटना | मनेर | सार्वजनिक शेरपुर पंचायत सहकारी उपभोक्ता भण्डार लि0, मनेर |
| 41 | पटना | दानापुर | बी0एस0कॉलेज दानापुर साख सहयोग समिति लि0 |
| 42 | पटना | पटना सदर | पटना सेक्रेटेरियट मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स को-ऑपरेटिव हाउस कंसट्रक्शन सोसाईटी |
| 43 | पटना | पटना सदर | सोना गोपालपुर पंचायत हरिजन औधोगिक स0स0 |
| 44 | पटना | पटना सदर | रेशमा ग्रामोद्योग सहयोग समिति लि0 |
| 45 | पटना | पटना सदर | ज्ञानधारी सहकारी गृह नि0 स0 लि0, पटना |
| 46 | पटना | पटना सदर | नगला महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0, पटना सिटी |
| 47 | पटना | पटना सदर | सिमली सहकारी उपभोक्ता भंडार पटना सिटी |
| 48 | पटना | फतुहॉ | श्री कृष्ण सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि0 |
| 49 | पटना | पटना सदर | आशा नगर सह0 गृह नि0 समिति लि0 |
| 50 | पटना | पटना सदर | आरक्षी कर्मचारीगण सह0 गृ0 नि0 स0स0 लि0 |
| 51 | पटना | पटना सदर | पटना ब्रांच ए0जी0ऑफिस हाउसिंग को-ऑपरेटिव सो0 लि0 |
| 52 | पटना | पंडारक | पंडारक सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 53 | पटना | पंडारक | पंडारक महिला औ0 स0स0 लि0 |
| 54 | पटना | पंडारक | पंडारक सिंचाई स0 स0 लि0 |
| 55 | पटना | बाढ़ | अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय साख स0स0 बाढ़ |
| 56 | पटना | पटना सदर | हिन्दुस्तान सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 57 | पटना | पटना सदर | भारत सदन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 58 | पटना | पटना सदर | नेशनल टेक्सटाईल कॉरपोरेशन कर्मचारी साख एवं बचत समिति लि0 |
| 59 | पटना | पटना सदर | गुलशन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 60 | पटना | पटना सदर | एविएटर्स को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 |
| 61 | पटना | पटना सदर | वृन्दावन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 62 | सारण | सोनपुर | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 सोनपुर |
| 63 | सारण | छपरा | भेण्डर्स इण्डस्ट्रीयल को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, छपरा जं0 |
| 64 | बेगूसराय | बेगूसराय | आदर्श सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि0 |
| 65 | बेगूसराय | चेरिया बरियारपुर | ठाठा कुकुट पालन सहयोग समिति लि0 |
| 66 | वैशाली | हाजीपुर | तपेश्वर सिंह सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 67 | वैशाली | वैशाली | वैशाली ईट तथा टाइल्स उत्पादन औधोगिक स0स0लि0 |
| 68 | वैशाली | वैशाली | वैशाली प्रखंड प्राथमिक तंबाकू उत्पादन स0स0लि0 |
| 69 | मुजफ्फरपुर | मुशहरी | दी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ को-ऑपरेटिव क्रेडिट सो० लि०, सरैयागंज |

अनुलग्नक-2

## अनुलग्नक-1 में उल्लिखित समितियों के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 06.07.2018 (शुक्रवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 21.07.2018 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 23.07.2018 (सोमवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 24.07.2018 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 31.07.2018 (मंगलवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 31.07.2018 (मंगलवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |